नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक 09.10.2018

## प्रकाशनार्थ

दिनांक 07–08 अक्टूबर, 2018 को महाविद्यालय में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के उद्‍घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नन्दन शर्मा ने कहा कि ''खेल शारीरिक, मानसिक, मनौवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा है। यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने मे मदद करना है। नियमित खेल खेलना मानसिक कौशल को विकसित करने में मदद करता है। यह एक व्यक्ति के मनौवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार करता है। यह प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता को लाता है।''

इस प्रतियोगिता का निर्णायक मैच बालक वर्ग में आदित्य प्रताप सिंह (बी.ए. प्रथम), विशाल श्रीवास्तव (बी.कॉम. द्वितीय) और अनमोल खरवार (बी.एस–सी. प्रथम), प्रशांत मिश्रा (बी. एस–सी प्रथम) के बीच खेला गया, जिसमें आदित्य प्रताप सिंह और विशाल श्रीवास्तव को विजेता घोषित किया गया।

बलिका वर्ग का निर्णायक मैच अंशिका चौहान (बी.ए. प्रथम) और खुशबू चौरसिया (बी.ए. प्रथम) के बीच खेला गया जिसमें अंशिका चौहान ने विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विजय चौधरी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृति कर उन्हें प्रोत्साहित किया। अन्त में क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

(डॉ0 राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी